Website : www.prsuniv.ac.in E-mail ID- registrar@prsuniv.ac.in

प्रो० राजेन्द्र सिंह (रज्जू भय्या) विश्वविद्यालय, प्रयागराज, उ०प्र०

Prof. Rajendra Singh (Rajju Bhaiya) University, Prayagraj, U.P.

पत्रांक : प्रोरासिविवि/कुसका/2024– 515 दिनांक 25 जून, 2024

कार्यालय–ज्ञाप

विश्वविद्यालय के संज्ञान में आया है कि कतिपय महाविद्यालय द्वारा माननीय कुलपति जी के अनुमोदनोपरान्त प्रबन्ध समिति द्वारा विधिवत् नियुक्त एवं कार्यरत् प्राचार्यों से प्राचार्य पद का प्रवेश, परीक्षा एवं अन्य प्रशासनिक कार्य नहीं लिया जा रहा है अपितु प्राचार्य पद पर नियुक्त पदधारक से इतर किसी अन्य शिक्षक अथवा शिक्षणेत्तर कर्मचारी से प्राचार्य पद का कार्य लिया जा रहा है तथा पत्रों पर प्राचार्य के स्थान पर हस्ताक्षर भी किए जा रहे हैं। यह कृत्य पूर्णतः विधि के अनुकूल नहीं है तथा विश्वविद्यालय अधिनियम, परिनियम एवं अध्यादेशों के मंशा के विपरीत है।

अतएव, आदेशानुसार समस्त सम्बद्ध महाविद्यालयों के प्रबन्धतंत्र से अपेक्षित है कि माननीय कुलपति जी द्वारा अनुमोदित एवं प्रबन्धतंत्र द्वारा कार्यरत् प्राचार्य से महाविद्यालय के प्रवेश, परीक्षा एवं अन्य समस्त प्रशासनिक कार्य लिए जाएं तथा प्राचार्य पद का कार्य अन्य किसी भी शिक्षक अथवा कर्मचारी से कदापि न लिया जाए। साथ ही यह भी निर्देशित किया जाता है कि आगामी शैक्षिक सत्र 2024–25 प्रारम्भ होने से पूर्व यह सुनिश्चित कर लिया जाए कि महाविद्यालय में विश्वविद्यालय से अनुमोदित प्राचार्य नियुक्त करते हुए समस्त प्रशासनिक कार्य प्राचार्य के माध्यम से सम्पादित कराए जाएं।

(संजय कुमार)
कुलसचिव

प्रतिलिपि– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. माननीय कुलपति जी।
2. उप कुलसचिव–सम्बद्धता।
3. प्रभारी एजेन्सी को इस आशय से प्रेषित कि उक्त पत्र को विश्वविद्यालय से सम्बद्ध समस्त महाविद्यालयों की कालेज लॉगिन तथा विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड करना सुनिश्चित करें।
4. सम्बन्धित पत्रावली।

कुलसचिव

पताः मिर्जापुर रोड, नैनी, प्रयागराज, पिनकोड-211010 (उ०प्र०), फोनः 0532–2256207
Address : Mirzapur Road, Naini, Prayagraj, Pincode-211010 (U.P.) Ph. 0532-2256207

Scanned with OKEN Scanner